हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 1 मई 2026

06 शासन की प्राथमिकता किसानों का हित, किसी...

09 गिरफ्तारी का आधार बताए बिना जेल भेजना...




## खबर संक्षेप

### 23 मई तक बढ़ाई गई गेहूं उपार्जन व स्लॉट बुकिंग की अवधि

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार किसानों की सुविधा के लिए समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन एवं स्लॉट बुकिंग की अवधि बढ़ाकर 23 मई कर दी गई है। पहले यह तिथि 9 मई तक निर्धारित थी जिसे बढ़ाकर अब 23 मई कर दिया गया है। इसके साथ ही प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर न्यूनतम 6 तौल कांटों का प्रावधान पोर्टल पर किया गया है एवं उससे अधिक तौल कांटे रखने की सुविधा जिलों को दी गई है।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को मिला बहुउपयोगी वाहन

**सीहोर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पूरे प्रदेश में बहुउपयोगी वाहन प्रदान किए गए हैं, जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर को भी वाहन प्राप्त हुआ है। इस वाहन के माध्यम से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक साक्षरता कार्यक्रमों एवं विधिक सेवा गतिविधियों के संचालन में और अधिक गति एवं सुगमता प्राप्त होगी एवं विधिक सेवा योजनाओं का क्रियान्वयन अधिक सरलता से संपादित किया जा सकेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वाहन के लिए 1 वाहन चालक तथा लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 1 कार्यालय भृत्य की संविदा आधार पर नियुक्ती किए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अभ्यर्थी 30 अप्रैल शाम 5:30 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### शहर की सड़कों, चौराहों और बिजली के खंभों पर लगे होर्डिंग्स और पोस्टर अब अभियान चलाकर हटाए जाएंगे

# 'फ्लेक्सी सीहोर' शहर का दाग मिटाने उतरे नपा अध्यक्ष, खुद का पोस्टर उखाड़कर पेश की नजीर

1 मई से 30 जून तक चलेगा फ्लेक्स मुक्त अभियान, बोले प्रिंस राठौर- होर्डिंग्स से नहीं, स्वच्छता से बनेगी पहचान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

खबर पर अमल

सालों से 'फ्लेक्सी सीहोर' के तमगे से बदनाम हो रहे शहर की सूरत बदलने की जंग अब खुद नगर पालिका अध्यक्ष ने छेड़ दी है। नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद सबसे पहले अपने ही बैनर-पोस्टर और कटआउट उखड़वाकर अफसरों-नेताओं को बड़ा संदेश दे दिया। 1 मई से 30 जून तक शहर को फ्लेक्स मुक्त बनाने का महाअभियान चलेगा।

हरिभूमि ने 16 अप्रैल को बदरंग होता फ्लेक्सी सीहोर, सरकारी संपत्तियों पर अवैध कब्जा, नियमों की उड़ रही धज्जियां शीर्षक से खबर प्रकाशित कर नपा का ध्यान इस ओर आकर्षित किया था। उसी खबर पर अमल करते हुए नपा अध्यक्ष ने शहर हित में निर्णय लेते हुए अवैध होर्डिंग का अभियान शुरू किया है।

शहर की सड़कों, चौराहों और डिवाइडरों पर नेताओं के बड़े-बड़े होर्डिंग्स के कारण सीहोर की पहचान 'फ्लेक्सी सीहोर' के रूप में बन गई थी। ये फ्लेक्स न केवल शहर की सुंदरता पर बदनुमा दाग थे, बल्कि वाहन चालकों का ध्यान भटकाकर दुर्घटनाओं का कारण भी बन रहे थे। अब इस कलंक को धोने की मुहिम तेज हो गई है।



**हरिभूमि में प्रकाशित इस खबर के बाद नपा ने लिया संज्ञान**


विज्ञापन के मोह में सरकारी दफ्तर, स्कूल और बिजली के खंभे भी नहीं छोड़े, जिम्मेदारों ने मूंदी आंखें

बदरंग होता 'फ्लेक्सी सीहोर', सरकारी संपत्तियों पर अवैध कब्जा, नियमों की उड़ रही धज्जियां !



### टॉप-5 का टारगेट, पिछले साल मिला था 6वां स्थान

गौरतलब है कि पिछले स्वच्छता सर्वेक्षण में सीहोर ने राष्ट्रीय स्तर पर 6वां स्थान और प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया था। नपाध्यक्ष ने बताया, इस वर्ष हमारा लक्ष्य देश के टॉप-5 स्वच्छ शहरों में जगह बनाना है। इसके लिए डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन और गीला-सूखा कचरा अलग करना शत-प्रतिशत किया जाएगा। गीले कचरे से खाद, सूखे कचरे का पुनर्चक्रण, नालों की नियमित सफाई, सीवरेज ट्रीटमेंट और प्रमुख स्थलों के सौंदर्यीकरण पर विशेष जोर रहेगा। पीसी के दौरान पार्षद विजेंद्र परमार, राजेश माझी, दिनेश कुशवाहा, कमलेश कुशवाहा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और मीडियाकर्मी मौजूद रहे। नगरपालिका ने शहरवासियों से स्वच्छता को आदत बनाने की अपील की है।

**प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऐलान, खत्म होते ही एक्शन :** बुधवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने ऐलान किया कि 1 मई से 30 जून तक फ्लेक्स, बैनर और पोस्टर हटाने का विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने संकल्प लिया कि अपने जन्मदिन पर भी वे शहर में कोई होर्डिंग या स्वागत द्वार नहीं लगवाएंगे।

### घोषणा के बाद तुरंत दिखा असर

घोषणा के तुरंत बाद असर दिखा। प्रेस कॉन्फ्रेंस खत्म होते ही नगरपालिका की टीम एक्शन में आई और सबसे पहले नपाध्यक्ष के ही पोस्टर हटाने शुरू कर दिए गए। सड़कों और सार्वजनिक स्थानों से अवैध फ्लेक्स हटाकर शहर को 'फ्लेक्सी' से 'स्वच्छ' बनाने का काम शुरू हो गया।

### यह सिर्फ सफाई नहीं, सुरक्षा का सवाल:नपाध्यक्ष

प्रिंस राठौर ने कहा यह अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर की सुरक्षा से भी जुड़ा है। सड़क किनारे लगे होर्डिंग्स वाहन चालकों का ध्यान भटकाते हैं, जिससे दुर्घटनाएं होती हैं। 'फ्लेक्सी सीहोर' की पहचान मिटाकर हमें स्वच्छ सीहोर बनाना है। उन्होंने अन्य जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से भी मुहिम से जुड़ने की अपील की।

# बिजली विभाग की लापरवाही से शेखपुरा के किसान को दो दिन में दोहरा झटका, 25 लाख का नुकसान

**चिंगारी से खेत में लगी आग: दो ट्रैक्टर, आर्मेचर, भूसा खाक, बेटा झुलसा, मुआवजा नहीं**



**सीहोर।** बिजली विभाग की गंभीर लापरवाही के चलते ग्राम शेखपुरा के किसान राम सिंह गौर को दो दिन में दो बार आग का कहर झेलना पड़ा। बिजली लाइन से निकली चिंगारी ने खेत में खड़े दो ट्रैक्टर, आर्मेचर और पूरे भूसे को जलाकर राख कर दिया। किसान को लगभग 25 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आग बुझाने में किसान के बड़े बेटे के हाथ-पैर झुलस गए। दो घटनाओं के बाद भी न बिजली विभाग ने कार्रवाई की और न प्रशासन ने मुआवजा दिया।

### 27 अप्रैल: पहली आग में सब कुछ खाक

दिनांक 27 अप्रैल 2026 को किसान राम सिंह गौर के खेत में बिजली लाइन से निकली चिंगारी से अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने खेत में खड़े दो ट्रैक्टर, आर्मेचर एवं अन्य कृषि उपकरणों को चपेट में ले लिया। पूरा सामान जलकर नष्ट हो गया, जिससे किसान को लगभग 25 लाख रुपये का नुकसान हुआ।

### विभाग नहीं जागा, 29 अप्रैल को फिर लगी आग

पहली घटना के बाद भी बिजली विभाग द्वारा लाइन की मरम्मत या कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। नतीजा, 29 अप्रैल 2026 को राम सिंह गौर के खेत में दोबारा आग लग गई। इस बार उनका पूरा भूसा जलकर राख हो गया।

**ग्रामीणों की यह मांग**

- बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।
- पीड़ित किसान राम सिंह गौर को तत्काल 25 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए।
- गांव से गुजर रही जर्जर बिजली लाइनों को तुरंत बदला जाए।
- घायल बेटे के इलाज का खर्च प्रशासन उठाए।

**बेटा हुआ घायल, इलाज जारी :** दोनों बार आग बुझाने के प्रयास में किसान राम सिंह गौर के बड़े बेटे के हाथ और पैर झुलस गए। परिजन निजी अस्पताल में इलाज करा रहे हैं।

### प्रशासन-मुआवजा नदारद, ग्रामीणों में आक्रोश

लगातार दो घटनाओं के बावजूद अभी तक प्रशासन और बिजली विभाग की ओर से पीड़ित किसान को कोई राहत या मुआवजा नहीं दिया गया है। घटना से गांव में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। फिलहाल बिजली विभाग के अधिकारी जांच की बात कह रहे हैं। तहसीलदार से संपर्क नहीं हो पाया।

# कुबेरेश्वरधाम पर प्राण-प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं के लिए खुला मंदिर, भगवान के दर्शन को पहुंचे हजारों श्रद्धालुजन

**चारों युगों का दर्शन एक ही मंदिर में वह है कुबेरेश्वरधाम पर मुरली मनोहर मंदिर**





**सीहोर।** बुधवार को जिला मुख्यालय के समीपस्थ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम सिद्धपीठ में स्थित काठमांडू शैली में नवनिर्मित भगवान मुरली मनोहर में स्थित भगवान शिव-पार्वती, भगवान राम-सीता और भगवान मुरली मनोहर की एक साथ प्राण प्रतिष्ठा के बाद भगवान का दरबार अब श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। प्राण प्रतिष्ठा के बाद की शाम को प्रभु के दर्शन के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में उमड़े, हजारों की संख्या में भगवान के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु अपने आराध्य के दर्शन को आतुर दिखाई दिए मंदिर और भगवान के दर्शन के लिए मुंबई, दिल्ली समेत भारत के कई राज्यों से लोग धाम पर पहुंचे थे। सुबह अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया था। स्वयं पंडित श्री मिश्रा गत 25 अप्रैल से बुधवार तक मंदिर में पूरे पूजन में शामिल रहे, पूजन की एक-एक प्रक्रिया का विधिवत अर्चन किया। स्वर्ण आभूषणों से सुसज्जित भगवान की मूर्ति आकर्षित करने वाली थी।

इस मौके पर हजारों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि धाम की पावन भूमि जहाँ विराज मान है सिद्ध पीठ श्री कुबरेश्वर धाम मुरली मनोहर मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का सादगी और आस्था के साथ समापन किया गया है। पूरे भारत की भूमि का मात्र एक ऐसा स्थान कुबरेश्वर धाम जो बारह ज्योतिर्लिंग के मध्य है यहां आने वाले शिव भक्त कंकर शंकर की पूजन करके भगवान देव महादेव की अनुपम कृपा प्राप्त करते है उसी पवित्र भूमि पर मुरली मनहोर मंदिर एक ऐसा मंदिर जहां सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग का एक साथ दर्शन इस कलियुग में केवल एक ही जगह पर होगा वो हे श्री कुबरेश्वर धाम इस बाबा कुबेर भण्डारी की पवित्र भूमि पर मुरली मनोहर मंदिर के कपाट सभी शिव भक्ति के लिए अब खुले रहेगे। बुधवार को सुबह अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में सवा लाख से अधिक वैदिक मंत्रों में बड़ी संख्या में विप्रजनों की उपस्थिति में पंडित समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा सहित समिति की ओर से यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया। वहीं दोपहर में शीतल पेयजल आदि निशुल्क रूप से वितरण किया गया।

**भक्तों के लिए नियमित रूप से होंगे भगवान के दर्शन :** विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि कुबेरेश्वरधाम बुधवार को प्राण-प्रतिष्ठा के पश्चात भारत यह अपने आप में ऐसा विशिष्ट मंदिर हैं जहां चारों युगों सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग के प्रतीक, देवता या अवतार एक साथ दर्शन देते हैं।

### परमात्मा को आंगी अर्पण व नूतन आराधना भवन व तीर्थ यात्री भवन का होगा लोकार्पण

# सीमंधर स्वामी मंदिर दादावाड़ी की चतुर्थ वर्षगांठ पर होगा ध्वजारोहण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जैन तीर्थ नागेश्वर स्थित श्री सीमंधर स्वामी मंदिर एवं श्री जिन कुशल गुरु दादावाड़ी की प्रतिष्ठा के चार वर्ष पूर्ण होने पर चतुर्थ ध्वजारोहण कार्यक्रम 7 मई को मनाया जाएगा। मंदिर शिखर पर लाभार्थी परिवार नूतन ध्वजा चढ़ाएंगे। दो दिवसीय आयोजन के तहत परमात्मा को लाभार्थी परिवार द्वारा आंगी अर्पण एवं चंदनबाला आराधना भवन व विचक्षण चंद्र भवन का लोकार्पण भी इस अवसर पर होगा। जैन तीर्थ नागेश्वर में चंदनबाला श्रीजी म.सा. आदि ठाणा 10 साध्वी मंडल की निश्रा में मंदिर दादावाड़ी की चतुर्थ वर्षगांठ पर ध्वजारोहण कार्यक्रम तथा परमात्मा को आंगी अर्पण एवं नूतन आराधना भवन व तीर्थ यात्री भवन के लोकार्पण अवसर पर दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत 6 मई को सुबह 9 बजे 18 अभिषेक महापूजन बोली द्वारा लाभार्थी का आदेश होगा। विजय मुहूर्त में सुंदर कलात्मक नयन रम्य आंगी अर्पण। आंगी के संपूर्ण लाभार्थी चुन्नीलाल - अमोलकदेवी, संपत राज-पुखरतनदेवी, नरेंद्र सौ. चंदाजी सिंघी परिवार दिल्ली जोधपुर है।

नवकारसी गजराजजी सौ दुर्गा देवी, प्रियेश सौ प्रियंका पगारिया परिवार रायपुर बिलासपुर की ओर से रहेगी। दोपहर का साधार्मिक वात्सल्य लाभार्थी शशिभाई सौ. मंजूजी, गोलू भाई सौ. स्मिता बदलिया परिवार कोलकाता की ओर से। सायं साधार्मिक वात्सल्य लाभार्थी जितेंद्रकुमार सौ अंगूरबालाजी, सुपुत्र सपन सौ. नीतिका नाहटा परिवार इंदौर की ओर से रखा गया है। 6 मई रात्रि 7:30 बजे से भक्ति का रंगारंग कार्यक्रम होगा जिसमें संगीतकार अमन आंचलिया आलोट द्वारा प्रभु भक्ति की प्रस्तुति दी जाएगी। इस कार्यक्रम के लाभार्थी




श्रीमती चंद्रकला, सुरेश, सुधीर भंडारी परिवार जोधपुर रहेंगे। आयोजन के तहत मंदिरजी की साज सज्जा के लाभार्थी मनोजकुमार सौ. अनिता, पुत्री सलोनी, पुत्र अक्षत अग्रवाल जमशेदपुर टाटानगर रहेंगे।

7 मई को प्रातः 6 बजे से नूतन भवन में स्नात्र व वास्तु पूजन होगा। ध्वजा का चल समारोह 8:30 बजे, सत्रहभेदी पूजा 9:30 बजे होगी। पूजन के दौरान विजय मुहूर्त में सुप्रसिद्ध विधि कारक प्रवीण जैन रुणीजा वाले मंत्रोच्चार के साथ मंदिर शिखर एवं दादावाड़ी पर ध्वजारोहण की विधि संपन्न करवाएंगे। सीमंधर स्वामी मंदिर की चतुर्थ वार्षिक ध्वजा के लाभार्थी जयचंदजी फूलचंदजी, अजयचंद- सुनीता, धीरज - सौ. पूजा चोपड़ा परिवार महिदपुर रहेगा। जिनके द्वारा मंदिर शिखर पर नूतन ध्वजा चढ़ाई जाएगी। दादा गुरुदेव की अमर ध्वजा के लाभार्थी हेमचंदजी सौ. इंदु जी बैराठी परिवार जयपुर रहेंगे। 7 मई की नवकारसी के लाभार्थी संपतराजजी - इंदिरा जी, सुपुत्र संदीप सौ. सीमा गादिया परिवार आहोर हा.मु. बैंगलोर होगें। दोपहर का सकल श्री संघ का साधार्मिक वात्सल्य श्री जिन कुशल गुरू दादावाड़ी ट्रस्ट नागेश्वर तीर्थ की ओर से रहेगा। नूतन भवन निर्माण के प्रथम मंजिल के लाभार्थी चुन्नीलाल-अमोलकदेवी, संपत राज-पुखरतनदेवी, नरेंद्र सौ. चंदाजी सिंघी परिवार दिल्ली जोधपुर है। द्वितीय मंजिल भवन निर्माण के लाभार्थी मोतीलाल माणकबाई, प्रतीश (सोनू) की स्मृति में पारस कुमार मंगला देवी चौरड़िया परिवार इंदौर है। तृतीय मंजिल भवन निर्माण के लाभार्थी शशिभाई सौ. मंजूजी, गोलू भाई सौ. स्मिता बदलिया परिवार कोलकाता वाले है। श्री जिन कुशल गुरू दादावाड़ी ट्रस्ट नागेश्वर तीर्थ अध्यक्ष अशोक कोठारी, सचिव सुरेश बांठिया, उपाध्यक्ष बसंतसिंह श्रीमाल तथा कोषाध्यक्ष नितेश बांठिया ने बताया कि दो दिवसीय महोत्सव अंतर्गत चंदनबाला श्रीजी के संयम स्वर्ण वर्ष अनुमोदनार्थ चंदनबाला आराधना भवन का लोकार्पण होगा।

### चलती ट्रैक्टर-ट्रॉली में लगी आग, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान

**सीहोर।** बुधनी स्थित देवगांव के पास नेशनल हाईवे पर एक चलती ट्रैक्टर-ट्रॉली में भीषण आग लग गई। ट्रॉली में धान की पराली भरी हुई थी, जो अज्ञात कारणों से धू-धू कर जलने लगी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरी ट्रॉली जलकर खाक हो गई। आग का अहसास होते ही ड्राइवर ने चलती ट्रैक्टर-ट्रॉली से छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति टीकमगढ़**
**जिला-टीकमगढ़ (म.प्र.)**

क्रं/मण्डी/स्टोर/केन्टीन सह भो./2026-27/ टीकमगढ़ दिनांक ................

// केन्टीन द्वितीय निविदा आमंत्रण विज्ञप्ति //

समस्त इच्छुक संस्थाओं / केन्टीन / भोजनालय संचालन करने वाले व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि मण्डी प्रांगण टीकमगढ में स्थित केन्टीन सह भोजनालय का संचालन ठेका तीन वर्ष की अवधि हेतु दिया जाना है। केन्टीन एवं कृषक भोजनालय हेतु निर्धारित ऑफसेट प्राईज राशि-140800/- (एक लाख चालीस हजार आठ सौ रूपये) से अधिकतम वार्षिक किराये की राशि एवं कृषक भोजनालय हेतु अधिकतम 20/- रूपये प्रतिथाली से न्यूनतम दर के प्रस्ताव की मुहारबंद निविदायें एवं केन्टीन की निर्धारित दर अनुसार दिनांक 11.05.2026 तक रजिस्टर्ड डॉक / कोरीयर के माध्यम से कार्यालयीन समय 5:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 12.05.2026 को समय 12:00 बजे उपस्थित निविदाकारी / उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा के साथ पृथक लिफाफे में केन्टीन सह भोजनालय के संचालन हेतु राशि रूप 100,000/- (एक लाख रुपए) एफ.डी.आर के रूप में जमा करनी होगी। एफ.बी.आर. सचिव कृषि उपज मण्डी समिति टीकमगढ़ के नाम से प्लेज्ड होगी। निर्धारित निविदा प्रपत्र/शर्ते राशि 1000/- रुपए नगद जमा कर मण्डी कार्यालय टीकमगढ़ से दिनांक 11.05.2026 तक प्राप्त किये जा सकते हैं। केन्टीन सह भोजनालय हेतु शर्ते एवं सामग्री की दरों का अवलोकन मण्डी कार्यालय में किया जा सकता है। नियत सामग्री के मान एवं दर तथा शर्तों पर ही भोजन एवं सामग्री का विक्रय किया जायेगा। निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत का अधिकार मण्डी समिति को होगा। जो फारण बताने को बाध्य नहीं होगी।

सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति
टीकमगढ़, जिला - टीकमगढ़ (म.प्र.)

## खबर संक्षेप

### पेड़ पर लटका मिला व्यक्ति का शव

**देवास।** जिले के कंचनपुर क्षेत्र में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक का शव उसके निर्माणाधीन मकान के पास एक पेड़ पर लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान बिलासा निवासी सुमेर सिंह चौहान के रूप में हुई है। वह दो दिन पहले ही कंचनपुर में अपने निर्माणाधीन मकान के काम के सिलसिले में आए थे और वहीं रह रहे थे।गुरुवार सुबह आसपास के लोगों ने उन्हें पेड़ पर लटका देखा। इसी दौरान मृतक का भतीजा आदित्य यादव नवादा से उनके लिए खाना लेकर पहुंचा, जिसने घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए।पुलिस ने शव को पेड़ से उतारकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आज लगेगी कलेक्टर की रात्रि ग्राम चौपाल

**देवास।** जनसेवा और नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से कलेक्टर ऋतुराज सिंह द्वारा 01 मई को तहसील उदयनगर की ग्राम पंचायत पीपरी में ''विकासखण्ड स्तरीय शिविर'' एवं ₹रात्रि ग्राम चौपाल₹ का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत पीपरी में दोपहर को ''विकासखण्ड स्तरीय शिविर'' का आयोजन होगा, जिसमें सभी विभागों के जिला प्रमुख उपस्थित रहकर आवेदकों से सीधे आवेदन प्राप्त करेंगे। मौके पर ही दस्तावेजों का परीक्षण कर समस्याओं के तत्काल निराकरण की कार्रवाई करेंगे। शाम 07 बजे से लगेगी ''ग्राम चौपाल'' ''विकासखण्ड स्तरीय शिविर'' के पश्चात शाम 07 बजे से ₹ग्राम चौपाल₹ का आयोजन होगा। ''ग्राम चौपाल'' में कलेक्टर ऋतुराज सिंह उपस्थित जनसमूह और आवेदकों से रूबरू होंगे। सिंह द्वारा व्यक्तिगत रूप से आवेदकों की बात सुनकर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। ₹ग्राम चौपाल₹ में ग्रामीण अपनी ग्रामीणजन अपनी समस्याएं सीधे कलेक्टर को बता सकेंगे। विकासखण्ड स्तरीय शिविर'' एवं ₹ग्राम चौपाल₹ में समस्त जिला अधिकारी उपस्थित रहेंगे। शासन की मंशा के अनुरूप, प्रशासन को जनता के द्वार तक ले जाने के लिए सभी रात्रि भोज करेंगे।

### कलेक्टर सिंह जिले में लगातार कर रहे उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण

# शासन की प्राथमिकता किसानों का हित, किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो: कलेक्टर सिंह

### उपार्जित गेहूं की गुणवत्ता एवं बोरियों के वजन की जांच कर तौल काटा, पानी, छाव एवं बैठक व्यवस्था के संबंध में दिए आवश्यक दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले में राज्य शासन के निर्देशानुसार पंजीकृत किसानों से स्लॉट बुकिंग के आधार पर शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 2585 + बोनस 40 रूपये प्रति क्विंटल कुल 2625 रूपये प्रति क्विंटल की दर से जिले में स्थापित 136 गेहूं उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं उपार्जन का कार्य किया जा रहा है। गुरूवार को कलेक्टर ऋतुराज सिंह द्वारा सेवा सहकारी समिति सोनकच्छ एवं संवरसी द्वारा संचालित गेहूं उपार्जन केन्द्र देवास वेयरहाउस जामगोद, सेवा सहकारी समिति बोलासा द्वारा संचालित केन्द्र बीआर वेयरहाउस, नेवरी फाटा एवं विपणन सहकारी समिति सोनकच्छ द्वारा संचालित केन्द्र अन्नपूर्णा वेयरहाउस नेवरी फाटा का निरीक्षण किया।

कलेक्टर सिंह ने बिलिंग कॉउटंर, मौके पर उपार्जित किए जा रहे गेहूं की गुणवत्ता एवं तौल की जा रही बोरियों के वजन की जांच की गई। कलेक्टर सिंह ने कहा कि तौल की जा रही बोरियों पर संबंधित किसान कोड का टैग अनिवार्य रूप से लगाए। गेहूं उपार्जन के लिए आए किसानों का गेहूं शीघ्र तुल सके इसलिए उन्होंने उपार्जन केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में तौल कांटों की व्यवस्था संबंधी निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारियों को उपार्जन केन्द्रों पर किसानों के लिए पानी, छाव एवं बैठक व्यवस्था सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि शासन की प्राथमिकता किसानों का हित है।

गेहूं उपार्जन केन्द्रों पर किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों से किसी भी प्रकार से पैसे लेने संबंधी शिकायत आने पर संबंधित पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर सिंह ने मौके पर उपस्थित किसानों से चर्चा की।

उपार्जन केन्द्र पर व्यवस्थाओं के संबंध में पूछे जाने पर उपस्थित किसानों द्वारा बताया गया कि, उपार्जन केन्द्र पर पीने के पानी, बैठने के लिये छाव एवं शौचालय की सुविधा उपलब्ध है। उपार्जन केन्द्र की व्यवस्थाओं के संबंध में किसानों द्वारा संतुष्टि व्यक्त की गई। निरीक्षण के दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी दिनेश अहिरवार, जिला प्रबंधक एमपीडब्ल्यूएलसी प्रताप सिंह भूरिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जिले अब तक गेहूं उपार्जन के लिए कुल पंजीकृत किसान संख्या 77 हजार 335 में से 44 हजार 238 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किया गया है, जिनमें से 28 हजार 855 किसानों द्वारा अपनी उपज गेहूं उपार्जन केन्द्रों पर लाकर विक्रय की गई है। 28 हजार 855 किसानों से कुल 01 लाख 31 हजार 167 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया है। उपार्जित गेहूं की भुगतान योग्य राशि के विरूद्ध लगभग 214 करोड़ रूपये के ईपीओ प्राप्त हुये है, जिसमें से 170.86 करोड रूपये का सफल भुगतान किसानों के आधार लिंक खाते में किया जा चुका है। भुगतान की प्रक्रिया निरंतर जारी है। किसानों की सुविधा के लिए जिले में संचालित सभी उपार्जन केंद्रों पर प्रतिदिन 2250 क्विंटल गेहूं की खरीदी करने की व्यवस्था की गई है। ई-उपार्जन पोर्टल पर स्लॉट बुक करने की अवधि को 23 मई 2026 तक बढाई गई है। जिले के किसान अपनी सुविधा अनुसार दिनांक एवं उपार्जन केन्द्र का चयन कर गेहूं उपार्जन के लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर स्लॉट बुक कर समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कर सकते हैं।

कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने निरीक्षण के दौरान नेवरी फाटे पर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश सोनकच्छ एसडीएम को दिये। कलेक्टर सिंह ने इस दौरान पटवारी द्वारा अतिक्रमणकर्ताओं पर कोई कार्यवाही करने पर संबंधित पटवारी और सचिव पर भी कार्यवाही करने के निर्देश सोनकच्छ एसडीएम को दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि अतिक्रमण को शीघ्र हटवाये।

# 5 साल की बच्ची को 10 से 15 फीट तक घसीटता हुआ ले गया ऑटो चालक, मौत

### चालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



गंगा पार्क कॉलोनी में गुरुवार दोपहर तेज रफ्तार ऑटो ने 5 साल की बच्ची चेष्टा शर्मा को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। ऑटो चालक बच्ची को करीब 10 से 15 फीट तक घसीटता हुआ ले गया। यह घटना गुरुवार दोपहर करीब 12:30 बजे की है। चेष्टा अपने घर के बाहर खड़ी थी, तभी तेज रफ्तार ऑटो ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर के बाद घर की महिलाएं ऑटो को पकडऩे के लिए दौड़ीं, लेकिन चालक मौके से फरार हो गया। परिजनों ने तुरंत बच्ची को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि, परिजन इस बात पर यकीन नहीं कर पाए और बच्ची को एक निजी अस्पताल ले गए। वहां भी डॉक्टरों ने उसे मृत बताया। इसके बाद परिजन बच्ची को इंदौर ले जाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन रास्ते में उन्हें उसकी मौत का यकीन हो गया और वे शव को वापस जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए लाए। मृतक बच्ची चेष्टा, दिनेश शर्मा की बेटी थी। दिनेश शर्मा साड़ी की दुकान चलाते हैं और घटना के समय दुकान पर थे। चेष्टा की मां घर पर अकेली थीं और घरेलू काम कर रही थीं। बच्चों ने उन्हें घटना की सूचना दी, जिसके बाद वह मौके पर पहुंचीं।परिजनों के अनुसार, चेष्टा पड़ोस में खेलने गई थी और वापस आकर घर के सामने खड़ी थी, तभी यह हादसा हुआ। बालिका की मां ने बताया कि उन्हें अपने परिचित के यहां जाना था। वह इसी सिलसिले में अपने पति को फोन लगा रही थीं, तभी यह हादसा हो गया। बालिका के मामा सतीश ने बताया कि वह एक दिन पहले ही राजस्थान से लौटे थे और अगले ही दिन यह घटना हो गई। उन्होंने बताया कि परिवार राजस्थान के भीलवाड़ा का रहने वाला है और शव को वहीं ले जाया जाएगा। परिवार के लोग करीब 15 दिन के लिए एक रतजगा कार्यक्रम में राजस्थान गए थे और वहां से वापस देवास लौटे थे। मां ने बताया कि चेष्टा रोज गाय के बछड़े को खिलाने जाती थी। घटना वाले दिन भी वह यही कहकर बाहर गई थी। मां घर के अंदर काम कर रही थीं, तभी बच्चों ने आकर बताया कि चेष्टा को ऑटो ने टक्कर मार दी है। इस पूरे मामले में पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।


# आरटीओ ने स्लीपर बसों की जांच कर 84 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले परिवहन विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में परिवहन अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में आरटीओ जांच दल द्वारा रात्रि कालीन चलने वाली बसों की जांच देवास मक्सी रोड पर अलसुबह 04 बजे से की गई। कार्यवाही के दौरान दस्तावेजों एवं सुरक्षा संबंधी सुविधाओं जैसे अग्निशमन, मेडिकल बॉक्स, आपातकालीन खिड़की आदि की जांच की गई। जांच में बस चालक एवं यात्री के मध्य केबिन दरवाजों को हटवाया गया, आग से बचाव के सभी व्यवस्थाओं को देखा गया एवं सभी दस्तावेजी को पूर्ण करने के बाद ही बस के संचालन का निर्देश आरटीओ अधिकारी द्वारा दिया गया। कार्यवाही में कुल 52 बसों की सघन जांच में 14 बसों में कमी एवं परमिट शर्तों का उल्लंघन पाया गया, जिन पर कार्यवाही करते हुए 84 हजार रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। साथ ही आगे से परमिट में निहित शर्तों का पालन करने के निर्देश दिए गए। जिला परिवहन चौहान ने कहा कि परमिट शर्तों के पुनः उल्लंघन करते पाए जाने पर परमिट निरस्त की कार्यवाही की जाएगी।

### साइकिल पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे




**चापडा।** पीएम श्री शासकीय उमावि कमलापुर में निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत सत्र 2026-27 में कक्षा 9 के पात्र विद्यार्थियों को सायकल वितरित की गई। कार्यक्रम सरपंच प्रतिनिधि रवि चौहान के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। योजना के अंतर्गत उन विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया, जो 2 किमी से अधिक दूरी तय कर विद्यालय आते हैं। इस अवसर पर कुल 65 विद्यार्थी पात्र पाए गए, जिनमें 32 छात्र एवं 33 छात्राएं शामिल हैं।कार्यक्रम में योजना प्रभारी शिक्षक सीताराम मालवीय एवं अरविन्द वैष्णव ने विद्यार्थियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया। संचालन शिक्षक रामचंद्र जाट द्वारा किया गया।प्रभारी प्राचार्य अनन्त नागर ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस योजना से विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी और शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बढ़ेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान सायकल को सुरक्षित रखने की अपील भी की।

### जरूरतमंद बच्चों को बांटी शैक्षणिक सामग्री

**देवास।** सामाजिक संस्था हेल्पिंग हैंड्स द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने एवं जरूरतमंद बच्चों की सहायता के उद्देश्य से शहर के एक शासकीय विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को नोटबुक एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा संस्था सदस्यों ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया। संस्था अध्यक्ष शुभम विजयवर्गीय ने जानकारी देते हुए बताया कि हेल्पिंग हैंड्स संस्था पिछले 8 वर्षों से लगातार स्टेशनरी डोनेशन एवं सामाजिक सेवा के कार्य कर रही है। संस्था समय-समय पर शहर की विभिन्न बस्तियों, ग्रामीण क्षेत्रों एवं जरूरतमंद परिवारों के बच्चों तक पहुंचकर उन्हें नोटबुक, पेन, पेंसिल, स्कूल बैग एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराती रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है, इसलिए संस्था का प्रयास रहता है कि आर्थिक अभाव के कारण किसी भी बच्चे की पढ़ाई प्रभावित न हो। संस्था आगे भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर करती रहेगी। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने संस्था के इस प्रयास की प्रशंसा की।

# जनकल्याण की सौगात: सैकड़ों हितग्राही लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



नगर परिषद कांटाफोड़ में गुरुवार को जनकल्याण और जनसेवा का एक प्रेरणादायी दृश्य देखने को मिला, जब शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत सैकड़ों हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। गरिमामय वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में बागली विधायक मुरली भंवरा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष महत्व प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान संबल योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित कर लाभान्वित किया गया।

बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों के बीच हितग्राहियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। आयोजन स्थल पर अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई, जिससे पूरे कार्यक्रम में आत्मीयता और सौहार्द का माहौल बना रहा। इस अवसर पर विधायक मुरली भंवरा ने अपने संबोधन में कहा कि "सरकार का उद्देश्य है कि हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे, जिससे उनके जीवन स्तर में ठोस सुधार हो सके।" उन्होंने आश्वस्त किया कि क्षेत्र में विकास और जनहित के कार्य निरंतर जारी रहेंगे। भीषण गर्मी को देखते हुए नगर परिषद द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए नगर में तीन वाटर कूलर मशीनों की स्थापना का निर्णय लिया गया। इनका शुभारंभ विधायक द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया गया। ये वाटर कूलर गांधी चौराहा, बस स्टैंड स्थित यात्री प्रतीक्षालय एवं नगर परिषद कार्यालय में लगाए जाएंगे, जिससे आमजन को गर्मी में ठंडे पेयजल की सहज उपलब्धता मिल सकेगी। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष कैलाश अमोदिया, नगर परिषद अधिकारी कांटाफोड़ मुकेश चौबे, लोहारदा नगर परिषद अधिकारी सतीश घावरी, एल्डरमैन सत्यनारायण तिवारी (बंधु), जगदीश राठौर, अशोक बॉथम, पार्षद प्रतिनिधि यासीन खान, युवा नेता योगेश पटेल, बलदाऊ दुबे सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जनहितकारी पहल को लेकर नागरिकों ने नगर परिषद एवं जनप्रतिनिधियों की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# महिला से देवास-इंदौर बस में छेड़छाड़, कंडक्टर पर केस, नंबर लेने के लिए बनाया था दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



देवास से इंदौर जा रही एक बस में महिला से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि बस कंडक्टर ने महिला के साथ अभद्र व्यवहार किया। घटना गुरुवार सुबह की है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कंडक्टर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। महिला ने बताया कि वह इंदौर में महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत है और रोजाना देवास से बस से अप-डाउन करती है। कंडक्टर पिछले कुछ दिनों से उसके साथ अभद्र व्यवहार कर रहा था। गुरुवार सुबह जब महिला बस में बैठी, तो कंडक्टर ने उसे अपनी सीट के पास बैठाकर मोबाइल नंबर मांगा और निजी जानकारी जुटाने लगा। जब महिला ने किराया देने की कोशिश की, तो कंडक्टर ने पैसे लेने से इनकार कर दिया और नंबर देने का दबाव बनाया। उसने महिला से यह भी कहा कि वह इस बारे में अपने पति को न बताए। इस घटना की जानकारी मिलने पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे।आक्रोशित लोगों ने कंडक्टर के साथ मारपीट की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कंडक्टर को बस से उतारकर कोतवाली थाने लाया गया। यहां बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए नारेबाजी की। घटना के बाद महिला ने अपने परिजनों के साथ कोतवाली थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने महिला की शिकायत पर भौंसले कॉलोनी निवासी सरफराज नामक कंडक्टर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कोतवाली थाना प्रभारी श्याम चंद्र शर्मा ने बताया कि मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ट्रैफिक विभाग के साथ बैठक कर सख्त चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

### पीसी एवं पीएनडीटी एक्ट अंतर्गत जिला सलाहकार समिति की बैठक की गई आयोजित

# अधिनियम के प्रावधानों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक की अध्यक्षता में पी.सी. एवं पी.एन.डी.टी. एक्ट (गर्भधारण प्रसवपूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम), 1994-1996 एवं संशोधित नियम 2021 के अंतर्गत जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन गुरूवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय देवास में किया गया। बैठक में अधिनियम के प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। जिले में लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम के पालन हेतु स्वास्थ्य संस्थानों की नियमित निगरानी एवं निरीक्षण की रूपरेखा तय की गई।

जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए मीडिया, सामाजिक संगठनों एवं शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। समिति ने यह भी तय किया कि जिले में प्रसवपूर्व निदान तकनीक का दुरुपयोग रोकने हेतु चिकित्सकों एवं पैथालॉजिस्ट को अधिनियम की जानकारी और प्रशिक्षण दिया जाएगा। समाज में लिंग समानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सरोजिनी जेम्स बेक ने कहा कि आमजन से आग्रह है कि वे गर्भधारण प्रसवपूर्व निदान तकनीक अधिनियम का पूर्ण पालन करें। लिंग चयन प्रतिषेध केवल कानूनी बाध्यता ही नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व भी है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह महिला सशक्तिकरण और लिंग समानता को बढ़ावा देने में सहयोग करे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि देवास जिले में अधिनियम का कठोरता से पालन कराया जाएगा और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। समिति ने यह भी स्पष्ट किया कि समाज की सहभागिता के बिना इस अभियान को सफल नहीं बनाया जा सकता।

बैठक में समिति की नोडल अधिकारी एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीषा मिश्रा, समिति के सदस्य जिला जनसंपर्क अधिकारी आकाश जैन, डॉ. साधना वर्मा स्त्री रोग विशेषज्ञ, जिला चिकित्सालय देवास पैथालॉजिस्ट डॉ. सुशील सोनगरा, सहायक अभियोजन अधिकारी अंकित पोरवाल, वीणा महाजन अशासकीय सदस्य, सेनेटेरियन अशोक सेन उपस्थित थे।

# संभाग आयुक्त ने प्रभारी नायब तहसीलदार कन्नौद बिरथरे को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने मध्य प्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 अंतर्गत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रभारी नायब तहसीलदार कन्नौद मनीष बिरथरे को बिना किसी सूचना/अनुमति के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर जिला देवास रहेगा तथा निलंबन अवधि में इन्हे नियमानुसार निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। कार्यवाही कलेक्टर देवास के प्रस्ताव के आधार पर की गई है आदेश में उल्लेख है कि प्रभारी नायब तहसीलदार तहसील कन्नौद मनीष बिरथरे कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी कन्नौद में 08 अप्रैल को उपस्थिति देने के पश्चात आज दिनांक तक कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए है। निरंतर अनाधिकृत अनुपस्थित रहने से राजस्व के न्यायालयीन कार्य तथा महत्वपूर्ण कार्यपालिक कार्य प्रभावित हो रहे है। अनाधिकृत अनुपस्थिति के संबंध में इन्हे पूर्व में अवगत कराये जाने उपरांत भी इनके द्वारा अपनी कार्यप्रणाली में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं लाया गया।

## खबर संक्षेप

### कल तहसील में जनशिकायतें सुनेंगे जिलाधिकारी



ललितपुर। शासन के निर्देशानुसार पीढ़ति को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से 02 मई 2026 शनिवार को जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान आयोजित किया जायेगा, जिसके क्रम में जिलाधिकारी तहसील ललितपुर में जनशिकायतें सुनेंगे, अपर जिलाधिकारी तहसील तालबेहट व सम्बंधित उप जिलाधिकारी अपनी अपनी तहसीलों में उपस्थित रहकर जनशिकायतों का निस्तारण करायेंगे। जनसामान्य से अपील की गई है कि अपने क्षेत्र की तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर अपनी समस्याओं का निस्तारण करायें।

### कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में की एजेंडा बिंदुओं की समीक्षा

**विदिशा।** प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर- कमिश्नर कॉन्फ्रेंस आयोजित हुई। बैठक में कृषि, स्वास्थ्य, पोषण, रोजगार, उद्योग एवं निवेश, नगरीय विकास, सुशासन, शिक्षा, वन, ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य तथा कानून व्यवस्था सहित विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने निर्धारित एजेंडा बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एनआईसी कक्ष में कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसपी रोहित काशवानी, वन मंडल अधिकारी हेमंत यादव मौजूद रहे।

### सिया और नव्या भोपाल में हुईं सम्मानित

**शमशाबाद।** सिया सोनी ने कक्षा 12वीं (कॉमर्स संकाय) में 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की, वहीं नव्या सोनी ने कक्षा 10वीं में 97.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर नगर का गौरव बढ़ाया। शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। दोनों बहनों की इस उपलब्धि पर शमशाबाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। परिजनों ने इस सफलता का श्रेय उनकी मेहनत एवं गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया है।

### सिंगल क्लिक से मिलेगी संबल योजना की राशि

**विदिशा।** मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के तहत पंजीकृत मृतक श्रमिकों के उत्तराधिकारियों को शीघ्र सहायता राशि प्रदान की जाएगी। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि जिले के 488 मृतक श्रमिकों के परिजनों को कुल 11 करोड़ 6 लाख रुपए की राशि सिंगल क्लिक से सीधे उनके बैंक खातों में दी जाएगी।

### राजेश रघुवंशी कांग्रेस के जिला प्रभारी नियुक्त

**विदिशा।** प्रदेश कांग्रेस संगठन में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मंदसौर के वरिष्ठ नेता राजेश रघुवंशी को विदिशा जिला कांग्रेस संगठन का प्रभारी नियुक्त किया है। इससे पूर्व यह दायित्व पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर निभा रहे थे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने बताया कि संगठन सृजन अभियान के तहत लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के पायलट प्रोजेक्ट में विदिशा को प्रदेश का प्रथम जिला चुना गया है। आगामी नगर पालिका एवं 2028 विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने यह नियुक्ति की गई है।

### कार की टक्कर से पुलिया में गिरे ट्रैक्टर-ट्रॉली

**ग्यारसपुर।** ग्यारसपुर थाना क्षेत्र के मानोरा स्थित नैहरया नाले के पास मंगलवार शाम करीब 7 से 8 बजे के बीच तेज रफ्तार कार ने पीछे से ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। हादसे के समय किसान विदिशा मंडी से कृषि कार्य कर ट्रैक्टर-ट्रॉली से गांव मैदौन लौट रहे थे। बताया गया कि कार क्रमांक एमपी 15 सीबी 9247 विदिशा की ओर से आ रही थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर और ट्रॉली अनियंत्रित होकर पुलिया में जा गिरे। ट्रैक्टर में सवार तीन लोगों में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दो अन्य को भी चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर जिला चिकित्सालय भेजा गया।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट का बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर बड़ा फैसला

# गिरफ्तारी का आधार बताए बिना जेल भेजना अवैध, याचिकाकर्ताओं को रिहा करने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता और कानूनी प्रक्रिया की गरिमा को सर्वोपरि रखते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि यदि पुलिस गिरफ्तारी के ठोस कारण लिखित में नहीं देती और मजिस्ट्रेट बिना सोचे-समझे छपे-छपाए फॉर्म (प्रोफार्मा) पर रिमांड आदेश जारी करते हैं, तो ऐसी हिरासत पूरी तरह अवैध है।

न्यायालय में जितेंद्र सिंह निरंजन और अन्य की ओर से बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की गई थी। याचिकाकर्ताओं ने 1 फरवरी 2025 को की गई अपनी गिरफ्तारी और उसके बाद सीजेएम ललितपुर द्वारा दिए गए रिमांड आदेश को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति विनय कुमार द्विवेदी की खण्डपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए पुलिस और रिमांड मजिस्ट्रेट की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। संवैधानिक उल्लंघन कोर्ट ने पाया कि गिरफ्तारी मेमो और रिमांड आदेश में गिरफ्तारी के आधारों का उल्लेख नहीं किया गया था। आदेश मजिस्ट्रेट द्वारा प्रिंटेड प्रोफार्मा पर रिमांड आदेश पारित करने को अदालत ने गलत माना और इसे बिना दिमाग लगाए की गई कार्रवाई करार दिया।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अनदेखी

कोर्ट ने मिहिर राजेश बनाम महाराष्ट्र राज्य (2025) मामले का हवाला देते हुए कहा कि गिरफ्तारी के कारणों को लिखित में देना अनिवार्य है और इसका पालन न करना गिरफ्तारी को अवैध बना देता है।

### न्यायालय का कड़ा निर्देश

हाईकोर्ट ने न केवल याचिकाकर्ताओं को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया, बल्कि भविष्य के लिए भी कड़े निर्देश जारी किए हैं।

### रिमांड मजिस्ट्रेट को चेतावनी

कोर्ट ने संबंधित रिमांड मजिस्ट्रेट को भविष्य में रिमांड आदेश पारित करते समय अधिक सतर्क रहने और कानूनी प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने की चेतावनी दी है।

### प्रशासनिक सूचना

रजिस्ट्रार (कम्प्लायंस) को निर्देशित किया गया है कि वह इस आदेश की प्रति 48 घंटे के भीतर जिला जज, ललितपुर को भेजें। बिना देरी रिहाई- अदालत ने निर्देश दिया कि याचिकाकर्ताओं को सीजेएम ललितपुर के प्रमाणित आदेश की प्रतीक्षा किए बिना तुरंत हिरासत से मुक्त किया जाए। अदालत ने यह भी साफ किया है कि यदि पुलिस चाहे तो कानून की सही प्रक्रिया का पालन करते हुए याचिकाकर्ताओं के खिलाफ नए सिरे से कार्रवाई कर सकती है।

### इनका कहना है

यह निर्णय केवल एक मामले की जीत नहीं है, बल्कि हमारे संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मिले जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की एक बड़ी विजय है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि पुलिस और निचली अदालतें केवल औपचारिकता के लिए किसी की स्वतंत्रता नहीं छीन सकतीं।

कैप्टन अनुपम वर्मा
अधिवक्ता, उच्च न्यायालय इलाहाबाद

## किसानों के लिए खुशखबर

# खेत में तालाब खुदाने पर 50 फीसदी सब्सिडी, ललितपुर में 210 का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

किसानों की सिंचाई सुविधा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से भूमि संरक्षण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए महत्वपूर्ण योजना लागू की गई है। इसके तहत ललितपुर एवं महरौनी क्षेत्र में कुल 210 खेत तालाबों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

भूमि संरक्षण अधिकारी राजीव कुमार भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत किसान अपने खेत में 22&20&3 मीटर आकार का तालाब खुदवा सकते हैं, जिसकी कुल लागत लगभग 1,05,000 रुपये निर्धारित है। इस पर सरकार द्वारा 50 प्रतिशत यानी 52,500 रुपये तक की सब्सिडी दो किस्तों में दी जाएगी। पहली किश्त तालाब की खुदाई पूरी होने पर तथा दूसरी किश्त पानी के इनलेट (प्रवेश मार्ग) के निर्माण और सूचना बोर्ड लगाने के बाद प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए किसान का कृषि विभाग में पंजीकरण होना अनिवार्य है तथा उसके पास कम से कम एक एकड़ कृषि भूमि होना जरूरी है। आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन होगी, जिसमें किसान को विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण कर 1000 रुपये की टोकन मनी जमा करनी होगी। आवेदन के बाद 15 दिनों के भीतर सत्यापन और 30 दिनों के अंदर तालाब निर्माण पूर्ण करना अनिवार्य रहेगा। इस योजना के तहत बनाए जाने वाले तालाबों से वर्षा जल संचयन होगा, जिससे भूजल स्तर में सुधार आएगा। साथ ही किसान इन तालाबों में मछली पालन, सिंघाड़ा जैसी जलीय खेती कर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। इसके अलावा खेतों की सिंचाई के लिए भी यह तालाब बेहद उपयोगी साबित होंगे, जिससे किसानों की दूसरों पर निर्भरता कम होगी। योजना में पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर लाभ दिया जाएगा। साथ ही किसानों को तालाब से पानी निकालने के लिए पम्पसेट (इलेक्ट्रिक/डीजल) पर भी 50 प्रतिशत (अधिकतम 15 हजार रुपये तक) का अनुदान दिया जाएगा। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यह योजना किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ जल संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## मां ने शादी के लिए एफडी करवाई थी

# भाई ने हड़प लिए शादी के 25 लाख रुपए, विरोध करने पर बहन को पीटा

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में एक कलयुगी भाई और बहन द्वारा अपनी ही सगी बहन के साथ धोखाधड़ी और मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि उसकी मां की मृत्यु के बाद उसके भाई ने शादी के लिए रखी 25 लाख रुपये की एफडी धोखाधड़ी से अपने नाम करा ली और मांगने पर जान से मारने की कोशिश की। सरला बिहार कॉलोनी निवासी आस्था सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी माता का देहांत जून 2025 में हो गया था। मां ने आस्था की शादी के लिए करीब 25 लाख रुपये की एफडी करवाई थी। आरोप है कि उनके भाई विकास सिंह ने धोखाधड़ी से खुद को उस एफडी का नॉमिनी बनवा लिया। जब आस्था ने अपने पैसे मांगे, तो भाई उसे टालता रहा। आस्था के अनुसार, 25 जुलाई 2025 को जब उन्होंने दोबारा पैसों की मांग की, तो भाई विकास और बहन तरुणा ने मिलकर उनके साथ बुरी तरह मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि उनका गला दबाया गया और हाथ मरोड़ दिया गया, जिससे उनके बाएं हाथ की उंगली टूट गई। इस घटना के बाद वह डरकर प्रयागराज चली गईं, जहां उनका इलाज हुआ। अब जब आस्था की शादी तय हो गई है, तो उनके भाई ने रुपये देने से साफ इनकार कर दिया है और उन्हें कोर्ट मैरिज करने की सलाह देते हुए जमीन में हिस्सा न देने की धमकी दी है। परेशान होकर पीड़िता ने कोतवाली में न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी, मामला दर्ज

ललितपुर। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला छत्रसालपुरा में चोरों के हौसले बुलंद हैं। बीती मंगलवार रात घर के बाहर खड़ी एक बाइक को चोरों ने निशाना बनाया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला छत्रसालपुरा एसीआई कंप्यूटर के सामने निवासी निशिल जैन पुत्र धन्य कुमार जैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार की रात लगभग 1 से 2 बजे के बीच उनकी मोटरसाइकिल संख्या जी.जे.06 एम.सी.3387 घर के बाहर खड़ी थी। रात के सन्नाटे का फायदा उठाकर अज्ञात चोर वाहन ले उड़े। चोरी की घटना का पता बुधवार सुबह चला, जब बाइक अपने स्थान से गायब मिली। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की है।

## ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

# तेज आवाज में बज रहा डीजे, जीप समेत सीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर




शहर में ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए तेज आवाज में बज रहे डीजे को जीप समेत सीज कर दिया। यह कार्रवाई सदर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइंस चौकी इंचार्ज अनिल कुमार के नेतृत्व में चेतक 04 पर तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा देर रात की गई।

बीती देर रात करीब 11 बजे सदनशाह बुढ़वार रोड स्थित शहनाई गार्डन के बाहर एक डीजे तेज ध्वनि में बज रहा था। बारात पहुंचने के बाद भी अत्यधिक तेज आवाज में डीजे बजाने से आसपास के क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण हो रहा था, जिसकी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए डीजे को कोतवाली ले जाकर सीज कर दिया। पुलिस के अनुसार, डीजे में प्रयुक्त महिंद्रा मार्शल जीप ग्राम बरखेड़ा निवासी लल्लू पुत्र परमानंद के नाम से पंजीकृत है, लेकिन मौके पर वाहन के कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके।

वाहन को अजय नामक चालक चला रहा था। जांच में यह भी सामने आया कि जीप की फिटनेस वर्ष 2019 में और बीमा वर्ष 2018 में ही समाप्त हो चुका था। इन अनियमितताओं और ध्वनि प्रदूषण को देखते हुए पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए वाहन को सीज कर दिया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थानों पर नियमों का उल्लंघन कर तेज ध्वनि में डीजे बजाने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

## बैंक के साथ बैठक की

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना में मिलेगा ऋण




**ललितपुर ।** विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की । जनपद की समस्त बैंकों के जिला समन्वयकों को निर्देशित किया गया की वे मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के प्रति सकारात्मक रवैया अपनाते हुए जनपद के युवाओं को उनके स्वयं के उद्यम स्थापित करने के लिए आवश्यकता अनुसार 5 लाख तक का ऋण बिना ब्याज एवं 10% सब्सिडी के साथ 4 साल के रीपेमेंट पीरियड के साथ प्रदान कर सकते हैं। साथ ही जनपद के युवाओं का ध्यान इस योजना की ओर आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहित किया। सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अन्तर्गत स्वयं का उद्यम स्थापित करने हेतु (मैन्यूफैक्चरिंग सेवा क्षेत्र यथा ई-रिक्शा, ट्रैक्टर चालित मोबाइल एग्रो प्रोसेसिंग यूनिट, जैसे आटा चक्की, ट्रैक्टर लोडर इत्यादि हेतु) बिना गारंटी व बिना ब्याज का लोन दिया जा रहा है। प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को उक्त ब्याज मुक्त ऋण योजना का लाभ लेने हेतु पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कराया जा सकता है। गैर-प्रशिक्षित युवा लोन स्वीकृत होने के बाद ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर कर सकते हैं। अधिक जानकारी जिला उद्योग केंद्र ललितपुर (स्टेशन रोड सिविल लाइन ललितपुर) से प्राप्त कर सकते है।

## पीएम स्वनिधि योजना फेज-2

# पथ विक्रेताओं को मिलेगा 50 हजार रुपए तक ऋण

**ललितपुर।** शहरी पथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार की पीएम स्वनिधि योजना के दूसरे चरण (फेज-2) का संचालन जारी है। जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) ने ऐसे सभी पात्र लाभार्थियों से आवेदन करने की अपील की है, जो अब तक योजना का लाभ नहीं ले सके हैं। परियोजना अधिकारी ने बताया कि इच्छुक पथ विक्रेता नगर पालिका सभागार में संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए आधार कार्ड, दो फोटो, वेंडिंग सर्टिफिकेट, बैंक पासबुक और आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य होगा। योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को चरणबद्ध तरीके से ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रथम चरण में 15 हजार रुपये, द्वितीय चरण में 25 हजार रुपये तथा तृतीय चरण में 50 हजार रुपये तक का ऋण दिया जाएगा। इसके अलावा, जो लाभार्थी द्वितीय ऋण का पूरा भुगतान कर चुके हैं, उन्हें 30 हजार रुपये तक की लिमिट वाले क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। द्वितीय चरण में योजना का विस्तार करते हुए जनपद के विकास खंड तालबेहट के वनगुवांकलां तथा महरौनी क्षेत्र के किसरदा, कुआंघोषी और महरौनी ग्रामीण क्षेत्रों को भी शामिल किया गया है, जिससे अधिक से अधिक पथ विक्रेताओं को लाभ मिल सके। अधिकारियों ने बताया कि यह योजना छोटे व्यापारियों और रेहड़ी-पटरी वालों के लिए आत्मनिर्भर बनने का बड़ा अवसर है। उन्होंने पात्र लाभार्थियों से जल्द आवेदन कर योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

## कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की

# पुलिस ने मोबाइल से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा लगाते युवक को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली पुलिस ने ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को मोबाइल फोन के जरिए क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से स्मार्टफोन और नगदी भी बरामद की गई है। थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत नेहरू नगर चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक अंकित कौशिक अपनी टीम के साथ क्षेत्र में वांछित अभियुक्तों की तलाश एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बुढ़वार स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास एक व्यक्ति मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन क्रिकेट मैच पर सट्टा लगा रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम ग्राम बुढ़वार निवासी आकाश यादव पुत्र स्व. विजय यादव बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक कम्पनी का स्मार्टफोन तथा 150 रुपये नगद बरामद हुए।

मोबाइल की जांच में पता चला कि आरोपी 1डॉट247 नामक वेबसाइट के जरिए क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगा रहा था। उसने पुलिस को बताया कि वह अधिक पैसा कमाने के लालच में इस अवैध गतिविधि में शामिल हुआ था और उसे सट्टेबाजी के लिए आईडी व पासवर्ड अन्य व्यक्तियों द्वारा उपलब्ध कराए गए थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम 1867 की धारा 13 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही मामले की जांच उपनिरीक्षक मनोज कुमार को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि अवैध सट्टेबाजी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मप्र के यात्रियों के साथ घटना हुई

# ट्रेन में यात्रियों के साथ हुईं चोरी की दो घटनाएं, जीआरपी में एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

रेलवे यात्रा के दौरान चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। जीआरपी थाना में दो अलग-अलग मामलों में यात्रियों के सामान चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। दोनों ही मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305(सी) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

पहली घटना में मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के ग्राम जमुनिया खुर्द निवासी सुनील कुमार पुत्र केशव सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ ट्रेन संख्या 12192 श्रीधाम एक्सप्रेस के कोच एस-5 में सीट नंबर 23 व 31 पर यात्रा कर रहे थे। माताटीला स्टेशन के पास पहुंचने पर उनकी पत्नी का हैंडबैग चोरी हो गया। बैग में सोने-चांदी के आभूषण, करीब 2000 रुपये नकद और एक रेडमी मोबाइल फोन रखा था। घटना का पता स्टेशन पर पहुंचने के बाद चला। दूसरी घटना में मध्य प्रदेश के बैतूल जिले के ग्राम सिपलाई निवासी देवी राम कुमरे पुत्र बस्ती राम कुमरे ने शिकायत दर्ज कराई कि वह 3 अप्रैल को ट्रेन संख्या 14116 प्रयागराज एक्सप्रेस के कोच एस-5 की बर्थ संख्या 17 पर यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान सोते समय किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी पैंट की जेब से उनका सैमसंग एस 55 मोबाइल फोन चोरी कर लिया, जिसकी कीमत लगभग 29,900 रुपये बताई गई है। दोनों मामलों में जीआरपी पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार घटनाओं की जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## सामाजिक संगठन न्याय दूत ने अपील की

# अवैध शराब के कारोबार से दहशत, महिलाओं का जीना मुहाल, राज्यपाल से सुरक्षा की गुहार लगाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

महरौनी तहसील अंतर्गत थाना सौजना क्षेत्र के गांवों में अवैध शराब की बेधड़क बिक्री ने ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं का जीना मुहाल कर दिया है। इस गंभीर समस्या को लेकर सामाजिक संगठन न्याय दूत ने राज्यपाल को संबोधित एक मार्मिक अपील जिला प्रशासन के माध्यम से भेजी है। पत्र में संगठन के संस्थापक रामबाबू चौबे ने आरोप लगाया है कि शासन द्वारा निर्धारित सरकारी शराब के ठेकों के नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सौजना थाना क्षेत्र के लगभग हर गांव में सरकारी दुकान के अलावा 5 से 6 अन्य अवैध ठिकानों पर शराब बेची जा रही है। शिकायती पत्र के अनुसार इन अवैध ठिकानों के कारण गांवों में अराजक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। नशे में धुत व्यक्ति राह चलती महिलाओं और छोटी बच्चियों पर अभद्र टिप्पणियां करते हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में भय का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि स्थिति इतनी भयावह है कि किसी भी समय कोई गंभीर अप्रिय घटना घट सकती है।

### गोपनीय जांच की मांग

न्याय दूत संगठन ने राज्यपाल से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए अवैध शराब के इस काले कारोबार को तत्काल बंद कराये जाने, पूरे मामले की गोपनीय स्तर पर जांच हो ताकि दोषियों और इसमें संलिप्त लोगों का पर्दाफाश हो सके, शराब की बिक्री केवल अधिकृत सरकारी दुकानों तक ही सीमित रखी जाए। पत्र के अंत में अपील की गई है कि जनहित और महिला सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए प्रशासन जल्द से जल्द कदम उठाए, ताकि गांव की बेटियां और महिलाएं निर्भीक होकर अपने घरों से बाहर निकल सकें।

# रामलीला निधि के उपयोग पर उठे सवाल, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### सदस्यों ने किया विसर्जन कुंड निर्माण में खर्च का विरोध



**विदिशा।** कलेक्टर को ज्ञापन देने पहुंचे मेला समिति के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रामलीला सभा ने रामलीला निधि के उपयोग को लेकर कलेक्टर एवं श्रीरामलीला मेला समिति के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर आपत्ति दर्ज कराई है। सभा पदाधिकारियों का आरोप है कि निधि का उपयोग नियमों के विपरीत प्रस्तावित किया जा रहा है।

सभा के अनुसार 25 अप्रैल को आयोजित बैठक में मेला समिति द्वारा जानकारी दी गई कि जानकी कुंड स्थित विसर्जन कुंड के निर्माण और विस्तार कार्य के लिए श्रीरामलीला निधि से राशि खर्च की जाएगी। इस पर सभा ने कहा कि नियमों के तहत निधि का उपयोग केवल रामलीला आयोजन एवं उससे संबंधित विकास कार्यों के लिए ही किया जा सकता है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि वर्तमान मेला समिति का कार्यकाल 12 सितंबर 2025 को समाप्त हो चुका है।

